Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to continue the operation of level crossing No. 47-C and 28-C in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid - Laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर में उतरीपुरा उद्धव नेवदा रेलवे क्रासिंग संख्या 47-सी की ओर दिलाना चाहूंगा, जिसे बंद किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में अवगत कराना चाहूंगा कि उक्त रेलवे क्रासिंग से 5-6 कि.मी. की दूरी पर स्थित रेलवे क्रासिंग 46 को लगभग 3 वर्ष पूर्व बंद करके 47-सी रेलवे क्रासिंग से जोड़ा गया है तथा अब इस रेलवे क्रॉसिंग को भी बंद कर 49-स्पेशल रेलवे क्रॉसिंग से जोड़ा जा रहा है। इस प्रकार से 47-सी रेलवे क्रॉसिंग, जिसके साथ रेलवे क्रॉसिंग संख्या 46 को जोड़ा गया है, को बंद किए जाने की स्थिति में जहां से गुजरने वाले ग्रामीणों को लगभग 15 कि.मी. की अतिरिक्त दूरी तय करके रेलवे क्रॉसिंग संख्या 49 से जाना होगा। इससे ग्रामीणों को न केवल अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा, बल्कि समय व पैसे की भी बर्बादी होगी।

दूसरे, चौबेपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन पर स्थित गेट संख्या 28 सी को भी बंद किया जा रहा है । इस संबंध में भी अवगत कराना चाहंगा कि जी.टी. रोड़ व रेलवे स्टेशन चौबेपुर से आने जाने का उक्त गेट संख्या 28-सी ही एकमात्र मार्ग है तथा इस गेट से चौबेपुर, बजराहापुरवा, ओमनगर, माला, सहज्योरा, गोगूमऊ, गजेनपुर, नादूपुर, ककराहा, गडेरियनपुरवा, देवपालपुर उमरी, उम्मेदपुर, सराय छीतम, पुरुषोत्तम विहार इत्यादि ग्राम सीधे जुड़े हुए हैं और इन ग्रामों में रहने वाले हजारों ग्रामवासियों, छात्रों, दैनिक यात्रियों, श्रमिकों का गेट संख्या 28-सी से ही आगमन होता है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि आम जनता व दैनिक यात्रियों को होने वाली कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित उपर्युक्त दोनों रेलवे क्रॉसिंग संख्या 47-सी और 28-सी को बंद न किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए और यदि इन्हें बंद किए जाना आवश्यक है तो इनके स्थान पर अंडरपास का निर्माण करवाया जाए ।